

शिक्षक को सलाम : आईआईटी में 'शिक्षक सम्मान समारोह' में प्रशस्ति पत्र लेते हुए (बाएं से) प्रो. एचएस मनी, डॉ एमके हरबोला, डॉ एमआर माधव और डॉ अजीत चतुर्वेदी।

## चार शिक्षकों को विशिष्टता सम्मान

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में हुये समारोह में निदेशक प्रो. संजय गोविंद धाण्डे ने प्रो. मनोज कुमार हरबोला व एचएस मणि (भौतिकी), प्रो. एमआर माधव (केमिकल इंजीनियरिंग), एके चतुर्वेदी (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) को संबंधित विषयों में शोध व शिक्षण के लिए आईआईटी प्रबंध मंडल की ओर से नामित विशिष्टता सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में संस्थान में 25 साल की सेवाएं पूरी करने पर डॉ. जोसेफ जॉन, डॉ. एसडी जोगेलकर, डॉ. अरुण पी. सिन्हा, डॉ. दयानंद यादव व डॉ. अशोक खन्ना संकाय सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। प्रो. सीबीआर मूर्ति, प्रो. पीके कालरा, व प्रो. वाईएन मोहपात्रा ने संबोधित किया।

# गुरुदेव! मोरे अवगुन चित न



# आईआईटी में चार को विशिष्ट शिक्षक सम्मान

**कानपुर ( कासं )।** देश का प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी, कानपुर भी पूर्व राष्ट्रपित सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करना नहीं भूला। शिक्षक दिवस पर संस्थान के चार शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक अवार्ड से नवाजा गया। पाँच अन्य शिक्षकों को 25 साल की सेवा पूरी करने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों का सम्मान स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल आदि भेंट कर निदेशक प्रो. संजय गोविंद धांडे ने किया। उधर, कहीं गुरु का पूजन हुआ तो कहीं केक काट कर समारोह मनाया गया।

आईआईटी संचालक मंडल ने सिविल इंजीनियरिंग के प्रो. एमआर माधव, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के एके चतुर्वेदी, भौतिकी के एचएस मनी और एमके हरबोला को 2007 के विशिष्ट शिक्षक अवार्ड के लिए चुना गया। डॉ. जोसेफ जॉन, डॉ. एसडी जोगेलकर, डॉ. अन्न पी सिन्हा, डॉ. दयानन्द यादव और डॉ. अशोक खन्ना को उनकी सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर सम्मानित किया गया। समारोह में निदेशक के अलावा प्रो. सीत्रीआर मूर्ति, प्रो. पीके कालरा और प्रो. वाईएन महापात्रा उपस्थित थे।







( 1 ) शिक्षक दिवस पर यूपी किराना स्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए ( 2 ) आईआईटी निदेशक प्रो. संजय जी धांडे ने एचएस मनी, डॉ. एमआर माधव, अजीत चतुर्वेदी, डॉ. एमके हरबोला को विशिष्ट शिक्षक एवार्ड दिया ( 3 ) सेन कालेज में गुरुओं को यूँ दीं शुभकामनाएँ

# City schools celebrate Teacher's Day

**HT Correspondent**
**Kanpur, September 5**

SCHOOLS AND colleges celebrated Teacher's Day with fervour and gaiety on Wednesday. They presented cultural programmes to mark the day.

At the Indian Institute of Technology (IIT-K), the day was celebrated at the outreach auditorium in the evening.

Institute director Dr SG Dhande and deputy director Professor Kripa Shankar highlighted the role of teachers in the building the country and society.

About half-a-dozen teachers were felicitated for their exemplary services in their respective fields.

At Harcourt Butler Technological Institute (HBTI), SN Sen Degree College, Christ Church Degree College, PPN College and several other institutions, students celebrated the day and offered gifts to the teachers.

Guru Har Rai Academy celebrated the day quite differently. The management of the academy organised a special musical concert for their teachers in which the teachers played many game shows.

Manjulata, a teacher, said, "It was great fun to see us as kids again."

Mariampur School and Karamdevi Memorial Academy also celebrated the day with lot of pomp and show.

# आईआईटी के ख्याति प्राप्त चार शिक्षक सम्मानित

सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर, 5 सितम्बर।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के निदेशक प्रो. एसजी धांडे ने शिक्षक दिवस के अवसर पर आईआईटी से जुड़े रहे चार शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रो. एचएस मनी, प्रो. एमआर माधव, प्रो. एके चतुर्वेदी और एमके हरबोला शामिल हैं। ये सभी शिक्षक आज सपरिवार सम्मान समारोह में मौजूद थे। इसके साथ ही आईआईटी में 25 वर्ष सेवा कार्य पूरा करने वाले अन्य पांच शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

निदेशक प्रो. धांडे ने पुरस्कृत शिक्षकों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। प्रो. धांडे ने सभी शिक्षकों को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने आईआईटी कानपुर में बिताये गये पलों को अपने जीवन में संभालकर रखा है। उन्हें निखारने में संस्थान व साथियों की अविस्मरणीय भूमिका है। इस अवसर पर निदेशक प्रो. धांडे ने 25 वर्ष का सेवा काल पूरा करने वाले शिक्षकों डा. जोसेफ जान, डा. एसडी जोगलकर, डा. अरूण पी. शर्मा, डा. दयानंद यादव और डा. अशोक खन्ना को भी सम्मानित किया।




■ आईआईटी में शिक्षक दिवस पर निदेशक प्रो. एस.जी. धांडे शिक्षक को सम्मानित करते।
फोटो : एसएनबी

■ 25 वर्ष का सेवाकाल पूरा करने वाले पांच शिक्षक भी सम्मानित




वैज्ञानिक को सम्मानित करते आईआईटी निदेशक संजय जी धाण्डे।

# आईआईटी : 4 वैज्ञानिकों को मिला विशिष्ट शिक्षक एवार्ड

कानपुर, 5 सितम्बर। इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में उच्च कोटि के शिक्षकों के साथ ही कर्त्तव्यनिष्ट शिक्षकों की आवश्यकता है। यह बात आईआईटी के निदेशक प्रो. संजय गोविन्द धाण्डे ने प्रोफेसरों के सम्मान समारोह में कही। उन्होंने नरायनमूर्ति सरीखे कई छात्रों का उदाहरण देते हुये कहा कि इनको तैयार करने में संस्थान के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज रिटायर हो चुके भौतिकी के प्रोफेसर हरिहरा सुब्रामणि और सिविल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर मदहिरा राधा माधव को वर्ष २००७ के लिये विशिष्ट शिक्षक एवार्ड से नवाजा गया वहीं भौतिकी विभाग के शिक्षक प्रोफेसर मनोज कुमार हरबोला और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी को भी वर्ष २००७ के लिये विशिष्ट शिक्षक एवार्ड से निदेशक प्रो. धाण्डे ने नवाजा। इसके साथ ही २५ वर्ष तक शिक्षण कार्य कर चुके डा. जोसेफ जॉन, डा. एस. डी. जोगेलकर, डा. ए. पी. सिन्हा, डा. दयानन्द यादव, डा. अशोक खन्ना को भी उतरी पहना कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रो. कृपा शंकर, प्रो. प्रवॉल सिन्हा, प्रो. सीवीआर मूर्ति, प्रो पी के